देवों में है देव निराला | by Sunil Sarvottam

माथे चंदा जटा में गंगा गाल सर्पों की माला
भस्म रमाये तन पे पहनी बाघम्बर की छाला
देवों में है देव निराला, मेरा शंकर भोला भोला

नंदी की वो करे सवारी नाथों के वो नाथ
भूत भविष्य वर्त्तमान की जाने बाबा बात
दानव दल का नाश करे वो भक्तों का रखवाला
भस्म रमाये तन पे पहनी बाघम्बर की छाला
देवों में है देव निराला, मेरा शंकर भोला भोला

इनकी शक्ति अजर अमर है पवन पुत्र हनुमान
इनकी शक्ति बड़ी विकट है बाबा भैरोनाथ
संहारकर्ता रूद्र कहाये रूप बड़ा विकराला
भस्म रमाये तन पे पहनी बाघम्बर की छाला
देवों में है देव निराला, मेरा शंकर भोला भोला

चांदी सोना महल ख़ज़ाने बाबा को ना भायें
भांग धतूरा एक लोटा जल बाबा के मन भाये
अपने भक्तों को भोले ने हर पल है संभाला
भस्म रमाये तन पे पहनी बाघम्बर की छाला
देवों में है देव निराला, मेरा शंकर भोला भोला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/